तापमान

अधिकतम 39 .8 डिग्री
न्यूनतम 25 .2 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 20 जून 2025



13 जियो फेंसिंग हाजरी के विरोध में उतरे कर्मचारी...





14 एसडीएम ने किया ड्रेन का निरीक्षण




## खबर संक्षेप

### बंद मकान से डेढ़ लाख रुपये व आभूषण चोरी

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र में स्थित मकान से डेढ़ लाख रुपये की राशि व जेवरात के चोरी होने के आरोप का मामला सामने आया है। मकान मालिक वारदात के समय परिवार के सदस्यों सहित हरिद्वार घूमने के लिए गया था। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों की तलाश के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।

### बिजली विभाग के ग्रामीण कार्यालय से एसी चोरी

**गन्नौर।** बीती रात गढ़ी झझारा रोड स्थित बिजली विभाग के ग्रामीण कार्यालय से एसी चोरी कर लिया । चोरी की वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई। चोरी की सूचना बिजली विभाग के एसडीओ अभिषेक ने गन्नौर थाना पुलिस को दी । एसडीओ अभिषेक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गढ़ी झझारा रोड स्थित बिजली विभाग के कार्यालय में एक एसी लगा हुआ है। बीती रात मुंह पर कपड़ा बांधे दो युवक उनके कार्यालय में आए और ऐसी को चोरी करके फरार हो गए। सुबह उन्हें घटना की सूचना मिली तो डायल 112 पर सूचित किया उसके बाद पुलिस ने मौका मुआयना किया।

### जजपा ने सदस्यता अभियान के तहत बनाए प्राथमिक सदस्य

**गन्नौर।** जननायक जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान की शुरुआत गन्नौर के गांव बली कुतुबपुर और भांवर से की गई। जिला अध्यक्ष अशोक सरोहा की नेतृत्व में कार्यकर्ताओं को प्राथमिक सदस्य बनाकर अभियान को आगे बढ़ाया गया। गांव भांवर में हुए कार्यक्रम में 88 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने सदस्यता ग्रहण की और जननायक ताऊ देवीलाल को याद करते हुए बताया कि उन्होंने बुजुर्गों के लिए पेंशन योजना शुरू की थी।

### फियोना ट्रस्ट का शुभारम्भ 23 जून को

**गन्नौर।** फियोना ट्रस्ट का शुभारम्भ 23 जून को हवन यज्ञ के साथ किया जाएगा। यह जानकारी ट्रस्ट की पदाधिकारी बबीता किल्सन ने दी। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट का उद्देश्य जरूरतमंदो की मदद करना, उत्पीड़ति और अत्याचारों के खिलाफ आवाज को उठाना आदि सामाजिक कार्य करना है।

### योग कार्यक्रम का स्थान खांडा की बजाय खरखौदा हुआ

**खरखौदा।** 21 जून को उपमंडल स्तर पर होना वाला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अब खांडा गांव की बजाय खरखौदा के प्रताप स्कूल में किया जाना निर्धारित किया गया है। एसडीएम ने बताया कि मौसम विभाग की तरफ से 20 व 21 जून को भारी बारिश के चेतावनी दी गई है। इसलिए कार्यक्रम का स्थान अब खरखौदा शहर के प्रताप स्कूल में किया गया है।

### जलभराव से निपटने को नगर निगम की तैयारियों का जायजा लिया, अधिकारियों को दिए सुधार के निर्देश

# मेयर ने सीवरेज डिस्पोजल स्टेशनों का किया निरीक्षण

पांच ट्रैक्टर पंप तैयार किए गए हैं और सात पंप किराये पर लेने के लिए टेंडर भी लगाए जा चुके हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

बरसात से पूर्व जलभराव की समस्या से निपटने को लेकर नगर निगम मेयर राजीव जैन ने शहर के विभिन्न सीवरेज डिस्पोजल स्टेशनों का दौरा किया और व्यवस्था में पाई गई खामियों को दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम अधिकारियों के साथ बैठक कर कहा कि छोटी-छोटी कमियों को तत्काल प्रभाव से ठीक किया जाए, ताकि बरसात के समय जलनिकासी में कोई बाधा न आए।

बैठक के दौरान अधिकारियों ने मेयर को बताया कि खाटू धाम स्थित डिस्पोजल पर एक अतिरिक्त मोटर लगा दी गई है। साथ ही सभी डिस्पोजल स्टेशनों पर जनरेटर सेट की व्यवस्था कर दी गई है ताकि बिजली बाधित होने की स्थिति में भी कार्य प्रभावित न हो। इसके अतिरिक्त पांच ट्रैक्टर पंप तैयार किए गए हैं और सात पंप किराये पर लेने के लिए टेंडर भी लगाए जा चुके हैं ताकि आपात स्थिति में त्वरित जलनिकासी सुनिश्चित की जा सके। इस निरीक्षण व समीक्षा बैठक में कार्यकारी अभियंता पदम भूषण, विशाल गर्ग, म्युनिसिपल इंजीनियर देवेंद्र खासा, सोमबीर सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



सोनीपत। निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों के साथ मौजूद मेयर राजीव जैन।

### कहां पर क्या कामियां मिली

- मेयर ने ड्रेन नंबर-6 पर बने नए डिस्पोजल का निरीक्षण करते हुए पाया कि वहां दो मोटरों की तारें कटी हुई हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी तीन मोटरें सुचारु रूप से चालू की जाएं और कुएं की जाली को भी साफ करवाया जाए।
- चावला कॉलोनी स्थित डिस्पोजल में जब मोटर को चालू कर देखा गया तो तारों में से चिंगारी निकलने लगी। इस पर मेयर ने तुरंत वायरिंग दुरुस्त करने के निर्देश दिए। वहीं शिव कॉलोनी के डिस्पोजल पर हाल ही में लगाई गई नई मोटर के पाइप और कनेक्शन जल्द से जल्द जोड़ने को कहा।
- शम्भू दयाल क्षेत्र स्थित डिस्पोजल स्टेशन पर दो मोटरें खराब पाई गईं, जो मरम्मत के लिए भेजी गई हैं। मेयर ने उन्हें जल्द से जल्द वापस लगवाने और इलेक्ट्रिक पैनल में मोटरों की स्पीड बताने वाला मीटर, जो खराब हो चुका है, उसे भी तुरंत ठीक करवाने को कहा।
- इसके अलावा सूरी पेट्रोल पंप वाली गली में, ककरोई रोड और रोहतक रोड की तरफ बड़े साइज की जालियां लगाने और अग्रसेन चौक पर पाइप डालकर जाली लगाने के निर्देश भी दिए।

## रात की बारिश ने दी गर्मी से राहत, सुबह फिर से तेज धूप और उमस

**सोनीपत।** लगातार तीन दिनों तक बारिश के बाद वीरवार को तेज धूप और उमस ने लोगों को फिर से परेशान कर दिया। हालांकि बुधवार देर रात आई तेज बारिश ने मौसम में ठंडक घोल दी थी, लेकिन वीरवार की सुबह तेज धूप के साथ शुरू हुई। जिसकी वजह से बारिश के कारण नम हुई धरती ने उमस पैदा कर दी। इसी वजह से पूरा दिन धूप और उमस से गर्मी के कारण लोगों को परेशानी हुई। हालांकि तापमान में कुछ खास बदलाव नहीं हुआ। वीरवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री पर रहा, वहीं न्यूनतम तापमान 27 डिग्री पर बना रहा। वहीं मौसम विशेषज्ञों की मानें तो शुक्रवार को फिर से बारिश के आसार बने हुए हैं। इसके अलावा मानसून के भी इस बार जल्दी पहुंचने की संभावना है। जिसके तहत उम्मीद जताई जा रही है कि 24 जून तक मानसून एनसीआर में पहुंच जाएगा। बता दें कि रविवार से लगातार हर रोज बारिश या बूंदाबांदी हो रही है। जिसके कारण मौसम में ठंडक बन रही है। बुधवार देर रात को भी बारिश ने मौसम को ठंड किया, लेकिन वीरवार की सुबह का आगाज तेज धूप के साथ हुआ। जिसके कारण पिछले सप्ताह की गर्मी की थोड़ी झलक दिखाई दी। हालांकि तापमान में कोई खास बदलाव नहीं आया, लेकिन उमस और तेज धूप की वजह से लोगों को गर्मी परेशान करती ही दिखाई दी। आने वाले दिनों की बात करें तो मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में एक और पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना है, जिसके चलते क्षेत्र में पुनः बूंदाबांदी हो सकती है।





सोनीपत। गीता भवन चौक पर जलभराव से निकलते वाहन, दोपहर 12 बजे सूरी पेट्रोल पंप वाली सड़क पर साइडों में जमा बारिश का पानी।

### जलभराव ने किया परेशान

बुधवार देर रात हुई बारिश की वजह से जिले के कई इलाकों में जलभराव की समस्या देखने को मिली, विशेषतौर पर शहर भर में जलभराव को लेकर लोग परेशान रहे। वीरवार सुबह तक कई इलाकों में जलभराव था। शहर के व्यस्तम चौराहों में से एक गीता भवन चौक पर वीरवार सुबह तक बारिश का पानी सड़क पर इकट्ठा था। जिसकी वजह से वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इसके अलावा शनि मंदिर अंडरपास, वेस्टरामनगर, मिशन चौक के आसपास का इलाका, रेलवे रोड, सूरी पेट्रोल पंप वाली गली, ककरोई चौक आदि में जलभराव की समस्या हुई।

### 6 दिन में गिर गया 13 डिग्री तापमान

बता दें कि पिछले सप्ताह तक भयंकर गर्मी से लोगों को दो दो हाथ करने पड़ रहे थे। आलम ये था कि 13 जून यानि की गत शुक्रवार को जिले में अधिकतम तापमान अपने सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए 46 डिग्री पर पहुंच गया था। शनिवार को हल्की राहत के बाद रविवार को बारिश आई, जिसके बाद से हर दिन बारिश या बूंदाबांदी हो रही है, जिसके कारण तापमान में कमी दर्ज की जा रही है। वीरवार को भी अधिकतम तापमान 33 डिग्री दर्ज किया गया है। जोकि एक दिन पहले 32 डिग्री पर था।

### आने वाले दिनों में कुछ इस तरह की संभावनाएं

| तारीख | संभावित मौसम | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|---|
| 20 जून | गरज-चमक के साथ बारिश | 36C | 27C |
| 21 जून | सुबह हल्की बारिश, बाद में उमस | 35C | 27C |
| 22 जून | बादल छाए रहेंगे | 34C | 27C |
| 23 जून | सुबह बारिश की संभावना | 34C | 26C |

### 20-23 जून तक होगी हल्की बारिश

*वर्तमान में सक्रिय मौसम प्रणाली से हरियाणा सहित पूरे एनसीआर क्षेत्र में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना बनी हुई है। 20 जून से लेकर 23 जून तक जिले में रुक-रुक कर बारिश होने की संभावना है। इसके अलावा बादल छाए रहेंगे और दिन के तापमान में कुछ हद तक गिरावट दर्ज की जाएगी। 24 जून के बाद मानसून के आने की प्रबल संभावनाएं हैं, जिससे तापमान में और गिरावट दर्ज की जा सकती है।*

*-डॉ. प्रेमदीप, मौसम विज्ञानिक, केवीके, जगदीशपुर।*

### एक पश्चिमी विक्षोभ और फिर मानूसन

मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी गर्मी से राहत मिली रहेगी। क्योंकि शुक्रवार को एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। जिसके चलते शुक्रवार को बारिश के आसार बने हुए हैं। शनिवार को भी हल्की बारिश और फिर उमस के बाद रविवार को फिर से बारिश की संभावना है। इसके अलावा 24 जून के बाद मानूसन दिल्ली एनसीआर में पहुंच जाएगा। जिसके चलते मौसम में नमी और ठंडक बनी रहेगी और तापमान में भी बढ़ोतरी नहीं होगी।

## फाल्ट ठीक कर रहे कर्मचारी की करंट लगने से मौत, पुलिस जांच में जुटी

- कंपनी पर लगाया लापरवाही बरतने का आरोप, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कुंडली थाना क्षेत्र में कंपनी की लापरवाही के चलते बिजली निगम में तैनात कर्मचारी की करंट लगने से मौत होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने इस संबंध में पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार कुंडली के 33 केवी पावर हाउस साबोली में कार्यरत बिजली कर्मचारी मंजेश (22) की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक के पिता, चिटाना के बलजीत ने कुंडली पुलिस को शिकायत दी।

बलजीत का आरोप है कि बिजली निगम की ओर से सुरक्षा प्रबंध किए गए थे और लाइन पर पीटीडब्ल्यू (वर्क परमिट) भी था, लेकिन कंपनी की ओर से लापरवाही के चलते लाइन में करंट आ गया, जिससे यह हादसा हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। बलजीत ने बताया कि उनका बेटा बिजली निगम में एएलएम के पद पर कार्यरत था और घटना के समय वह पावर हाउस पर ड्यूटी कर रहा था।

इसी दौरान अचानक करंट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जांच अधिकारी एचसी रविंद्र कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द लापरवाही करने वाले के खिलाफ आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## बस्ती से शराब ठेका न हटाने पर भड़का आक्रोश

- सचिवालय के बाहर दिया धरना
- सलिमसर माजरा से शराब ठेके के खिलाफ दलित पिछड़ा शोषित आवाज मंच का विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गांव सलिमसर माजरा की दलित बस्ती में स्थित शराब ठेका न हटाए जाने को लेकर दलित पिछड़ा शोषित आवाज मंच संगठन के दर्जनों सदस्यों ने आज प्रशासन के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने लघु सचिवालय के बाहर धरना देते हुए सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा और ठेका हटाने की मांग दोहराई। धरने का नेतृत्व कर रहे संगठन के राज्य अध्यक्ष एडवोकेट राजीव वर्मा ने तीखे शब्दों में मौजूदा सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा, एक ओर सरकार नशा मुक्त हरियाणा की बात करती है, दूसरी ओर शराब माफियाओं के इशारे पर काम कर रही है। सरकार का यह रवैया गरीबों और महिलाओं के जीवन के साथ खिलवाड़ है। यह सिर्फ दलाली और वादाखिलाफी है। राजीव वर्मा ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने जल्द ही दलित बस्ती से शराब का ठेका नहीं हटाया, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का कोई भी कार्य आम जनता और विशेषकर दलित व पिछड़े वर्गों के हित में नहीं हो रहा है।



सोनीपत। लघु सचिवालय के बाहर विरोध प्रदर्शन करते हुए मंच के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

### ये रहे मौजूद

*इस मौके पर संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें लोकसभा प्रभारी हरिओम खटक, मीडिया प्रभारी पुष्पा शर्मा, प्रेम सिंह चौहान, दिव्यांश वर्मा, अयूब खान, देवेंद्र वर्मा, राजेंद्र समेत अन्य लोग शामिल थे।*



गन्नौर। पेयजल लाइन टूटने से व्यर्थ बह रहा पानी।

### पेयजल लाइन टूटी हजारों लीटर पानी बहा

**गन्नौर।** खेड़ी रोड स्थित जाट धर्मशाला के पास पेयजल लाइन के टूट जाने से हजारों लीटर पानी रोड पर बह गया। इससे गांधी नगर रहने वाले लोगों के घरों पर पानी की सप्लाई बाधित रही। लोगों को पीने के पानी के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्थानीय निवासियों ने बताया कि लाइन काफी समय से क्षतिग्रस्त थी, जिससे पानी व्यर्थ बह रहा था। स्थानीय लोगों ने जनस्वास्थ्य विभाग को शिकायत दे कर जल्द से जल्द स्थायी समाधान की मांग की। जानकारी मिलते ही जनस्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त लाइन को ठीक करने का कार्य शुरू किया। विभागीय कर्मचारियों ने खोदाई कर पाइपलाइन को जोड़ने का प्रयास किया। दोपहर बाद तक मरम्मत का कार्य पूरा हुआ।

## रास्ता रोककर व्यापारी से की मारपीट हजारों रुपये की राशि छीनी, केस दर्ज

- पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को दी शिकायत, विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कुंडली थाना क्षेत्र में सिंघु गांव के व्यापारी का रास्ता रोककर उससे मारपीट करने व धमकी देकर हजारों रुपये की राशि छीनने के आरोप का मामला सामने आया है।

पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपितो की तलाश कर रही है। गांव सिंघु दिल्ली निवासी साहित ने बताया कि वह गत 17 जून को करीब आठ बजे सेरसा गांव में विक्की से व्यापार के रुपये लेकर वापिस लौट रहा था।

वह दिल्ली से पानीपत वाले सर्विस रोड पर स्थित एक दुकान के पास कार में स्पीकर लगवाने की जानकारी ले रहा था, तभी प्रमोद अपने साथियों के साथ एक कार में आया और कार के आगे अपनी गाड़ी अड़ा दी। प्रमोद व अन्य ने उसे गाड़ी से उतार लिया और गाली-गलौच करने लगे। विरोध करने पर मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। जब पीड़ित ने जेब में देखा तो उसके 64 हजार तीन सौ रुपये गायब मिले।

मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जांच अधिकारी एसआई राहुल ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। आरोपितों को नामजद कर लिया गया है। जल्द से जल्द आरोपितो को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## युवक की संदिग्ध हालात में मौत सिर पर गहरी चोट के निशान

- क्राइम ब्रांच और मुरथल थाना पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

भीगान गांव में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। युवक का शव घर से कुछ ही दूरी पर मुख्य सड़क पर खून से लथपथ अवस्था में पड़ा मिला। मृतक की पहचान सागर के रूप में हुई है। उसके सिर से खून बह रहा था, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मुरथल थाना पुलिस के साथ-साथ क्राइम ब्रांच की टीम भी मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में सिर में गहरी चोट को मौत का कारण माना जा रहा है, हालांकि पुलिस हत्या, दुर्घटना सहित अन्य सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

पुलिस प्रवक्ता रविंद्र कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही अधिकारी मौके पर पहुंचे। फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और जल्द ही मौत के कारणों का खुलासा किया जाएगा।

## मामा के घर आई किशोरी ने फंदे से लटककर दी जान, केस दर्ज

- पुलिस ने आरोपितो का किया नामजद, शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा
- मौसी और उसके भाई पर लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र में मामा के घर आई किशोरी ने संदिग्ध हालत में फंदे से लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतका की मां ने अपनी चचेरी बहन व उसके भाई पर आत्महत्या के लिए विवश करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

कटेवड़ा दिल्ली निवासी सुमन ने बताया कि उसकी बेटी प्रियंका (17) बचपन से अपनी नानी के घर पर रहती थी। करीब डेढ़ साल पहले नानी की मृत्यु के बाद वह अपने मामा चेतराम के घर रहने लगी। कुछ समय पहले चेतराम के जेल जाने के बाद प्रियंका अपनी मां की चचेरी बहन मंजीत के पास रहने लगी। सुमन का आरोप है कि मंजीत और उसका भाई प्रियंका को प्रताड़ित करते थे। मंगलवार को प्रियंका ने मामा के मकान में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एफएसएल टीम ने घटनास्थल की जांच की।

पुलिस ने वारदात स्थल से जरूरी नमूने एकत्रित कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। जांच अधिकारी एसआई सतपाल ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द जांच के बाद आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### ईवीएम की सुरक्षा को लेकर पुख्ता प्रबंध करने के दिए निर्देश

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने वीरवार को ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने ईवीएम-वीवीपैट की सुरक्षा के लिए सिक्योरिटी गार्द की लॉग बुक, डयूटी रजिस्टर, अग्निशमक यंत्रों, सीसीटीवी कैमरा, बिजली व सफाई व्यवस्था इत्यादि अन्य बिन्दुओं की सूक्ष्मता से जांच की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ईवीएम की सुरक्षा से संबंधित सभी प्रकार के पुख्ता प्रबंध किए जाएं। ईवीएम- वीवीपैट वेयरहाउस में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति का रिकॉर्ड भी जरूर दर्ज किया जाए। उन्होंने सुरक्षा में लगे अधिकारियों व पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए कि ईवीएम की सुरक्षा बहुत की संवेदनशील कार्य है, ऐसे में वेयर हाउस में सुरक्षा के दृष्टिगत नियमों की सख्ती से पालना सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे तथा वेयरहाउस में आने वाले अधिकारियों की रजिस्टर में हाजिरी बारे जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, ड्यूटी में लापरवाही करने वाले के खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



सोनीपत। वेयरहाउस का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त एवं अन्य अधिकारी।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर तहसीलदार (चुनाव), जूनियर प्रोग्रामर संजय श्रीवास्तव, सहायक (चुनाव) वेदपाल, कांग्रेस पार्टी से मुकेश पन्नालाल, सीपीआई से श्रद्धानंद सोलंकी व अन्य पार्टियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### विश्वकर्मा मन्दिर में रक्तदान शिविर आज

**गन्नौर।** लायन्स क्लब गन्नौर व विश्व हिन्दू परिषद धर्म प्रसार के संयुक्त तत्वावधान में जे के संस्था द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन 20 जून को रेलवे रोड विश्वकर्मा मन्दिर में किया जाएगा। क्लब के सचिव विजय कुमार व जे के लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड के अधिकारी दीपक कुमार, ईश्वर सिंह ने दी। क्लब के पदाधिकारी सोनू गोयल ने बताया कि रक्तदान महादान है। इसलिए हमें समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया रक्तदान शिविर में पहुंचकर रक्तदान कर पुण्य कमाएं।

### मादक पदार्थ तस्करी के दो आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट सेक्टर-27 पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी की वारदात में शामिल दो आरोपितो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित राजू उर्फ रियाजुद्दीन व हसन निवासी विकास नगर मुरथल रोड़ के है। पुलिस ने आरोपितो को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

सहायक उप निरीक्षक संदीप की टीम गश्त के दौरान अग्रसेन चौक के पास मौजूद थी। उसी दौरान अवैध मादक पदार्थ तस्करी की गुप्त सूचना मिली। टीम छापेमारी करते हुए दो आरोपितो को काबू कर लिया। उनके पास से मादक पदार्थ मिला। आरोपितो के खिलाफ संबंधित थाने में मुकदमा दर्ज कर अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### दुपहिया वाहन चोरी का आरोपित गिरफ्तार किया

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना सोनीपत पुलिस ने दोपहिया वाहन चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित समीर उर्फ राहुल निवासी ईदगाह कॉलोनी का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

राजलू गढ़ी निवासी आयुष ने बताया कि वह गत दस जून को अपनी बाइक पर कपड़ा लेने के लिए कच्चे क्वार्टर में गया था। बाइक को खड़ी करके कपड़े खरीदने लगा। किसी ने उसकी बाइक को चोरी कर लिया। अपने स्तर पर वाहन की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी बृजेश की टीम ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के पास से चोरी की बाइक को बरामद कर लिया है। उसे अदालत में पेश किया।

# योग दिवस पर कुरुक्षेत्र भेजी जाएगी 100 बसें, यात्रियों को होगी परेशानी

## कल कुरुक्षेत्र में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर शामिल होंगे सीएम

- यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचने के लिए निजी वाहनों, आटो व टैक्सियों पर निर्भर रहना पड़ेगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम देश व विदेशों में बड़े स्तर पर मनाया जायेगा। प्रदेश के कुरुक्षेत्र में आयोजित योग दिवस के अवसर पर जिले से रोडवेज की 100 लॉरी भेजी जाएगी।

ये बसें शुक्रवार दोपहर बाद बस अड्डों से भेजी जाएगी। बसों के कार्यक्रम में जाने से यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ सकती है। यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचने के लिए निजी वाहनों, आटो व टैक्सियों पर निर्भर रहना पड़ेगा। बसें जाने से सबसे ज्यादा समस्या दैनिक यात्रियों को उठानी पड़ेगी। साथ ही लोकल रूटों पर यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। बता दें कि कुरुक्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि होंगे और बड़ी संख्या में प्रदेश भर के लोग भाग योग अभ्यास में भाग लेंगे। हजारों की संख्या में लोग विभिन्न जिलों से कुरुक्षेत्र पहुंचेंगे, जिसके लिए विशेष परिवहन व्यवस्था की जा रही है। शुक्रवार दोपहर बाद से शनिवार देर शाम तक बड़ी संख्या में बसें केवल इस कार्यक्रम के लिए आरक्षित रहेंगी।

### अन्य जिलों से भी जाएंगी बसें

विभाग की तरफ से 100 बसें योग कार्यक्रम में भेजने के निर्देश मिले है। अन्य जिलों से भी बसें कार्यक्रम में जायेगी। विभागीय आदेशों की पालना करते हुए चालकों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए है। दैनिक यात्रियों व लोकल रूटों पर यात्रियों की सुविधा के लिए जरूरी कदम उठाने का काम किया जा रहा है।

-**संजय कुमार**, महाप्रबंधक, सोनीपत डिपो

इस दौरान सोनीपत बस अड्डे से विभिन्न रूटों पर चलने वाली कई बसें नहीं चलेंगी, जिससे यात्रियों को बसों की किल्लत का सामना करना पड़ेगा। प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों से लोगों को कार्यक्रम स्थल तक पहुंचाने के लिए न केवल सरकारी, बल्कि निजी बसों की भी मांग की गई है। रोडवेज की तरफ से सोनीपत बस अड्डा से कार्यक्रम में 60 व गोहाना से 40 बसें भेजी जाएगी। ये बसें जाने से सोनीपत बस अड्डा में खरखौदा, पानीपत, दिल्ली, बागपत, बड़ौत व रोहतक सहित कई रूटों पर दिक्कत रहेगी। वहीं गोहाना में रोहतक, पानीपत, जींद, सफीदो, महम, सोनीपत, खानपुर कलां समेत कई रूटों पर दिक्कत रहेगी।

## उल्टा चश्मा




### चाचा-भतीजा की तरह बन रही जुगलबंदी

शहर के नए मालिक और युवा माननीय के बीच जुगलबंदी शहर में चर्चा का विषय बनी हुई है। काम चाहे शहर की सरकार का हो या प्रदेश की सरकार का, दोनों ही एकसाथ दिखाई देते हैं। लोगों ने तो चाचा-भतीजा का तमगा भी दे दिया है। वैसे कुछ महीने पहले तक युवा नेता की टिकट पर भाईसाहब बिफरे हुए थे, वहीं उसके बाद भाईसाहब की टिकट युवा नेता को काफी समय तक हजम नहीं हो पाई थी।

### डिप्टी नहीं है गिल्टी सवालों के घेरे में

शहर की सरकार के डिप्टी कुछ समय से खराब ग्रहों की चाल की वजह से परेशान हैं। अपहरण और मारपीट के मामले में जमानत पर चल रहे डिप्टी साहब के कार्यालय में चार दिन पहले एक कर्मचारी रिश्वत लेते हुए ऑन एयर हो गया था। इसके बाद से अब फिर डिप्टी सवालों के घेरे में हैं। कोई चर्चा कर रहा था कि साहब को किसी अच्छे पंडित की जरूरत है, जो ग्रहों को काबू कर सके।

### चार दिन में पूरी कर ली दो साल की कसर

अपने बड़े वाले साहब दो साल तक ईमानदारी का डंका बजाते रहे, लेकिन पिछले चार दिनों में ही साहब ने डंके की चोट पर मोटा माल लपेट लिया है। कोई बता रहा था कि तबादले के बाद जिस साहब को आना है वो विदेश में छुट्टियां मना रहे हैं ऐसे में मौके का फायदा उठाते हुए साहब ने दोनों हाथों से बटोरना शुरू कर रखा है और रविवार तक यही प्रक्रिया जारी रहेगी। वैसे बता दें ईमानदारी के डंके का ढोल जल्दी ही फट गया था।

### जो फैसला लेंगे साहब लेंगे, ऐसे नहीं होता

महाराष्ट्र से आई सांसद चार दिनों से सोनीपत में हैं। मकसद गुटबाजी खत्म कर सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष चुनना है। लेकिन जिन नेताओं का इंटरव्यू लेते हैं, वो ही पूर्व सीएम का नाम ले लेता है। ऐसे में एक बार तो सांसद महोदय को स्पष्ट ही कहना पड़ गया कि ऐसा थोड़े ही होता है। जो फैसला होगा वो हाईकमान लेगा। कोई दबी जुबान में कह रहा था, यो सोनपत सै मैडम, न्यू ना मानै।

### पार्टनर को बना दो या होर्डिंग वाले को

कांग्रेस के अमीर नेता विधानसभा चुनावों के बाद राजनीति के लिये कभी हां तो कभी ना की स्थिति से गुजरते हुए अब सक्रिय दिखाई दे रहे हैं। राजनीतिक वेशभूषा को त्याग कर भाईसाहब जींस, टी-शर्ट में अपने पार्टनर या अपने होर्डिंग बनाने वाले एक नेता को जिलाध्यक्ष बनाने के लिये बिसात बिछा रहे हैं। फिलहाल भाईसाहब के हौसलें बुलंद हैं।

# 193 बुजुर्गों और दिव्यांगों का आकलन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



**गोहाना।** शिविर में स्वास्थ्य मूल्यांकन करते हुए कर्मचारी।

आर्टिफिशियल लिम्ब्स मैन्युफैक्चरिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एलिम्को), नई दिल्ली द्वारा गुरुवार को गांव चिड़ाना में सहायक उपकरण वितरण एवं आकलन शिविर आयोजित किया गया। डीबीएम स्पेशल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, मदीना और गांव के सरपंच संदीप लठवाल के सहयोग से आयोजित शिविर में 60 वर्ष से अधिक आयु के 193 बुजुर्गों और दिव्यांग व्यक्तियों का आकलन किया गया। डीबीएम स्पेशल कॉलेज ऑफ एजुकेशन के एमडी विकास मलिक के अनुसार शिविर में प्रदान की जाने वाली सुविधाओं में सहायक उपकरणों का निःशुल्क वितरण, वरिष्ठ नागरिकों का चिकित्सा मूल्यांकन एवं दिव्यांग व्यक्तियों के लिए गतिशीलता सहायता प्रदान करना है। कालेज के संचालक विकास मलिक की पहल से समाज में बुजुर्ग नागरिकों व दिव्यांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण एवं समावेशन के प्रति एक मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। शिविर में परमजीत, सोनू व सुरेंद्र मालिक भी उपस्थित रहे।

### शिविर में 45 ने बटोरा रक्तदान कर पुण्य विजय कुमार ने पांचवीं बार दिया खून

**गोहाना।** एसबीआई की गांव जागसी शाखा द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 45 नागरिकों ने रक्तदान का पुण्य बटोरा। शिविर में तीन व्यक्तियों ने रक्तदान का खाता खोला। रक्तदान शिविर की अध्यक्षता बैंक के शाखा प्रबंधक देवेंद्र सिंगला ने की और संयोजन सहायक प्रबंधक विजय कुमार का रहा। इन दोनों अधिकारियों ने क्रमशः दूसरी और 5वीं बार रक्तदान किया। शिविर में बैंक शाखा से माधव, संदीप, जयवीर, जोनी और भूप सिंह ने रक्तदान किया। विशेष रक्तदाताओं में दंपति अजमेर और कविता के साथ शिक्षक रविंद्र सहरावत, पूर्व सरपंच रविंद्र सहरावत और महिला सुनीता सूरा जबकि नियमित रक्तदाताओं में तिलकराज, नरेंद्र, सुंदर सिंह, अमित कुमार और अमित सुरा ने रक्तदान किया। रोहतास, कृष्ण और अंकुश ने पहली बार रक्तदान का खाता खोला। शिविर में विशेष सहयोग समाजसेवी सुरेंद्र विश्वास, संदीप सिवाच, योगीराज और सुलतान सिंह का रहा।

# बरोदा, भैंसवाल के कॉलेजों को मिलेंगे भवन

## भाजपा पूर्व प्रत्याशी सांगवान बोले, बरोदा विस में आईएमटी भी जल्द बनेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

बरोदा विधानसभा क्षेत्र के गांव बरोदा और भैंसवाल कलां में बेगाने भवनों चल रहे दो राजकीय महाविद्यालयों को अब अपने भवन मिल जाएंगे। गुरुवार को यह जानकारी बरोदा विधानसभा के पूर्व भाजपा प्रत्याशी एवं भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रदीप सांगवान ने दी। सांगवान के अनुसार उनको यह जानकारी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दी। प्रदीप सांगवान ने चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री से मुलाकात की। वर्ष 20220 में बरोदा विधानसभा का उप चुनाव हुआ था। उस दौरान भाजपा द्वारा उक्त दोनों गांवों में राजकीय महाविद्यालय स्थापित करने की घोषणा की थी। तब से गांवों में ये महाविद्यालय बेगाने भवनों में चल रहे हैं। प्रदीप सांगवान के अनुसार अब दोनों महाविद्यालयों को अपने भवनों का निर्माण किया जाएगा। भाजपा की राज्य सरकार द्वारा दोनों महाविद्यालयों के भवन मंजूर कर दिए गए हैं। भवनों का निर्माण बहुत ही जल्द शुरू हो जाएगा।



**गोहाना।** मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात करते हुए प्रदीप सांगवान। फोटो : हरिभूमि

### आगामी प्रक्रिया जल्द शुरू होगी

भाजपा द्वारा क्षेत्र के लोगों से बरोदा विधानसभा में आईएमटी बनाने का वायदा भी किया था। प्रदीप सांगवान ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को यह वायदा याद दिलाते हुए आईएमटी बनाने को लेकर भी बातचीत की। प्रदीप के अनुसार मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया किया कि क्षेत्र में आईएमटी जरूर बनेगी। इसके लिए आगामी प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी।

# एडमिशन के दौरान सोनीपत बस स्टैंड और जीटी रोड मुरथल चौक से चलेंगी विवि की बस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल में स्नातक व स्नातकोत्तर में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। प्रवेश के लिए इच्छुक विद्यार्थियों को लाने व छोड़ने के लिए सोनीपत बस स्टैंड व जीटी रोड मुरथल चौक से विश्वविद्यालय की बस चलेगी।

कुलगुरु प्रो. श्रीप्रकाश सिंह की अध्यक्षता में वीरवार को स्नातक व स्नातकोत्तर एडमिशन कमेटी की बैठक का आयोजन कुलगुरु कार्यालय में किया गया। कुलगुरु प्रो. सिंह ने कहा कि स्नातक व स्नातकोत्तर की प्रवेश प्रक्रिया के दौरान विद्यार्थियों व अभिभावकों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। विश्वविद्यालय में एडमिशन कहाॅ पर हो रहे हैं, इसके लिए संकेतक लगाए जाएगें, ताकि विश्वविद्यालय से बाहर से आने वालों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। एडमिशन स्थल पर पीने के पानी का भी बंदोबस्त किया जाएगा।



सोनीपत। कमेटी की बैठक लेते हुए कुलगुरु।

कुलगुरु प्रो. सिंह ने कहा कि एडमिशन प्रक्रिया के दौरान विद्यार्थियों को सोनीपत बस स्टैंड व जीटी रोड मुरथल चौक तक लेने व छोड़ने के लिए विश्वविद्यालय की बस चलेगी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी 30 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### वाहन चालक ने अचानक लगाएं ब्रेक, कार पीछे से टकराई, एक की मौत-दूसरा घायल

**सोनीपत।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर सेक्टर-7 कट के पास अज्ञात वाहन ने अचानक ब्रेक लगा दिए। पीछे चल रही कार वाहन में जा टकराई। हादसे में कार सवार युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरा घायल हो गया। खेड़ा कलां दिल्ली निवासी कप्तान ने बताया कि उसका बेटा कुनाल वीरवार तड़के करीब तीन बजे अपने दोस्तों शुभम पारचा और एक अन्य के साथ कार में सवार होकर मुरथल से लौट रहा था। जब वे कमासपुर पुल से आगे दिल्ली की तरफ से सेक्टर-7 वाले कट के पास पहुंचे तो अज्ञात वाहन ने अचानक ब्रेक लगा दिए, जिससे कुनाल की कार उससे टकरा गई। हादसे में कुनाल और शुभम पारचा को गंभीर चोटें आईं। दोनों को जिला नागरिक अस्पताल लाया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

# विजिलेंस रेड की गलत सूचना, पटवारी कार्यालय बंद कर भागे, लोग बैरंग लौटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

वीरवार को गन्नौर के पुराना तहसील परिसर स्थित पटवारखाने में उस समय हड़कंप मच गया जब विजिलेंस की रेड गलत की सूचना पर पटवारी और कानूनगो अपने-अपने कार्यालय बंद कर मौके से गायब हो गए।

सुबह करीब 11 बजे अचानक सभी पटवारियों ने कार्यालयों के बाहर ताले लगा दिए और परिसर छोड़कर चले गए। कार्यालयों के बंद होने से जमीन से जुड़े कार्यों के लिए आए लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुशील, विनोद और रामेश्वर सहित कई लोगों ने बताया कि वे अपनी जमीन की जमाबंदी और अन्य कागजी कार्यों के लिए सुबह से कार्यालय के चक्कर काटते रहे, लेकिन कहीं कोई कर्मचारी नजर नहीं आया। दोपहर बाद जब वे दोबारा पटवारखाने पहुंचे, तब भी सभी कमरों के बाहर ताले लटके हुए मिले। स्थानीय लोगों ने बताया कि उन्हें कहीं से गलत जानकारी मिली कि विजिलेंस की छापेमारी की आशंका के चलते ही सभी कर्मचारी कार्यालय छोड़कर चले गए। बाद में जब पटवारी आश्वस्त हुए तब वह अपने कार्यालय में लौटे।



# स्ट्रॉम वाटर पाइप लाइन के निर्माणाधीन चैम्बर का विधायक ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

पांची रोड पर जलभराव न हो, इसके लिए नगरपालिका करीब डेढ़ करोड़ रुपए खर्च कर स्ट्रॉम वाटर पाइप लाइन बिछा रही है। यह लाइन पांची रोड से एसटीपी तक लगभग 2 किलोमीटर लंबी है। खेड़ी रोड पर इसका मेनहोल बनाया जा रहा है।

मानसून से पहले काम पूरा हो, इसके लिए हलका विधायक देवेंद्र कादियान ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया। विधायक ने काम में ढिलाई पर ठेकेदार को फटकार लगाई। नगरपालिका अधिकारियों को निर्देश दिए कि काम तेज गति से पूरा करें। निर्माण सामग्री की गुणवत्ता बेहतर हो, इसका भी ध्यान रखने को कहा। विधायक ने कहा कि शहर में जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए नालों की सफाई जरूरी है। निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने बताया कि खेड़ी रोड पर पाइप लाइन दबाते समय पेयजल लाइन बार-बार लीक हो रही है। विधायक ने भरोसा दिलाया कि काम बेहतर तरीके से कराया जाएगा, ताकि समस्या खत्म हो सके। नपा सचिव प्रदीप खर्ब ने बताया कि चैंबर बनाने की जगह पर तकनीकी दिक्कत आ रही है। इसे दूर कर दो दिन में काम पूरा कर लिया जाएगा। नालों की सफाई के लिए टेंडर जारी किया गया है।



- जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए नालों की सफाई जरूरी : विधायक

### अधिकारियों को दिए सफाई करने के निर्देश

# एसडीएम ने किया ड्रेन का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

बरसात के मौसम को देखते हुए उपमंडल अधिकारी प्रवेश कादियान ने मंगलवार को शेखपुरा गांव के पास से गुजर रही ड्रेन नंबर छह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर ड्रेन की सफाई अधूरी पाई गई, जिस पर एसडीएम ने नाराजगी जताई और नहरी विभाग के अधिकारियों को छह दिन के भीतर ड्रेन की पूरी सफाई करवाकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

एसडीएम ने साफ कहा कि बरसात से पहले सभी ड्रेनों की समय रहते सफाई होनी जरूरी है, ताकि जलभराव की स्थिति न बने और ग्रामीणों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि ड्रेन की सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



**गन्नौर।** नहरी विभाग के अधिकारियों के साथ ड्रेन नंबर छह का निरीक्षण करते हुए एसडीएम प्रवेश कादियान।

एसडीएम प्रवेश कादियान ने अपने कार्यालय में नगरपालिका, जनस्वास्थ्य विभाग और खंड विकास एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर बाढ़ बचाव कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभाग अपने-अपने अधीनस्थ क्षेत्रों में नालों और सीवर की सफाई जल्द पूरी करें और रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि वह स्वयं सफाई कार्य का निरीक्षण करेंगे। यदि निरीक्षण के दौरान कहीं सफाई अधूरी मिली तो संबंधित विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# नाबालिग का अपहरण करने का आरोपित धरा, कोर्ट ने भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- आरोपित नितिन निवासी बौंद कलां चरखी दादरी का है

सदर थाना सोनीपत पुलिस ने नाबालिग लड़की का अपहरण करने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित नितिन निवासी बौंद कलां चरखी दादरी का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एक व्यक्ति ने गत आठ जून को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उसकी नाबालिग लड़की अपनी बहन के घर पर गई हुई थी। उसके बाद वहां से वापस आ गई। उनकी बेटी संदिग्ध हालत में लापता हो गई। अपने स्तर पर तलाश की तो जानकारी मिली कि नितिन नाम के युवक ने उसका अपहरण कर लिया है। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में जांच अधिकारी महिला उप निरीक्षक बबीता की टीम ने लड़की को बरामद कर उसकी मेडिकल जांच करवाई। पुलिस ने सैंपल लैब में भेजे है। वहीं दूसरी ओर आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। जानकारी मिली है कि आरोपित की पहचान लड़की के साथ उसकी बहन के घर जाने पर हुई थी।